75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम 2023–24

शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनाँक 28 सितम्बर 2023 से 11 दिसम्बर 2023 तक (राष्ट्रवादी तमिल कवि सुब्रमणि भारती की जयन्ती) 75 दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। इस सम्बन्ध में दिनाँक 7 अक्टूबर 2023 को S.C.E.R.T द्वारा ऑनलाइन बैठक आहूत की गयी,जिसमें आवश्यक निर्देश दिये गये। जनपद स्तर पर भी ऑनलाइन बैठक आहूत की गयी एवं प्रत्येक विकासखण्ड से दो नोडल अधिकारी नामित किए गए जिन्होंने अपने–अपने विकासखण्ड में जागरूकता अभियान चलाया एवं फोटो,वीडियो जनपद स्तर प्रेषित किए। 11 सप्ताह के इस कार्यक्रम में पर्यावरण,प्रकृति,व्यंजन,अपने परिवेश को जानना,मेरा विद्यालय,नैतिक मूल्य,संख्या ज्ञान व विचार,पठन एवं अभिव्यक्ति, सुब्रमण्या भारती को समर्पित शीर्षक से सम्बन्धित गतिविधियाँ विद्यालय स्तर पर करवायी गयी। छात्रों द्वारा हिन्दी, संस्कृत, अँग्रेजी, तमिल, गढ़वाली, नेपाली, उर्दू आदि भाषाओं में वीडियो तैयार किये गये। समापन के अवसर पर राष्ट्रवादी तमिल कवि सुब्रमणि भारती जी का जीवन परिचय,भाषण,चित्रकला,गीत,कविता वाचन,निबन्ध,सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि करवाये गये।

रेनू

कार्यक्रम समन्वयक,डायट पौड़ी।